# सेंसेक्स 46 अंक बढ़कर 36241 के स्तर पर हुआ बंद

बीएसई का 30 शेयरों वाला प्रमुख इंडेक्स सेंसेक्स 46.70 अंक यानि 0.13 फीसदी की बढ़त के साथ 36241 के स्तर पर बंद हुआ है। वहीं एनएसई का 50 शेयरों वाला प्रमुख इंडेक्स निफ्टी 7 अंक यानि 0.06 फीसदी की बढ़त के साथ 10883.75 के स्तर पर बंद हुआ है। कारोबार में इंडियाबुल्स हाउसिंग, यस बैंक, एचयूएल और गेल में सबसे ज्यादा बढ़त देखने को मिली।



**नई दिल्ली।** बाजार में सोमवार को सुस्त कारोबार देखने को मिला। सेंसेक्स 46 अंकों की मामूली बढ़त लेकर बंद हुआ है। वहीं निफ्टी भी 10,880 के स्तर के करीब सपाट बंद हुआ। मिडकैप इंडेक्स में करीब 0.5 फीसदी की मजबूती आई है। बैंक निफ्टी भी आज फ्लैट ही बंद हुआ।

कच्चे तेल की कीमतों में जोरदार उछाल का निगेटिव असर आयल मार्केटिंग कंपनियों पर देखने को मिला। एचपीसीएल में जहां 3 फीसदी से ज्यादा कि गिरावट आई है, वहीं आईओसी भी लाल निशान में ही बंद हुआ। उधर मेटल शेयरों में सोमवार को जोरदार खरीदारी देखने को मिली। टाटा स्टील, वेदांता, हिंडाल्को और सेल जैसी मेटल कंपनियों में आज 2 से 4 फीसदी तक मजबूती आई है। दरअसल अमेरिका और चीन के बीच चल रहे ट्रेड वॉर पर फिलहाल सुलह होने से मेटल शेयरों की चमक बढ़ी है। सोमवार के कारोबार में इंडियाबुल्स हाउसिंग, यस बैंक, एचयूएल और गेल में सबसे ज्यादा बढ़त देखने को मिली। वहीं, सन फार्मा, एमएंडएम, यूपीएल और एचपीसीएल में सबसे ज्यादा कमजोरी देखने को मिली। सोमवार के कारोबार में बीएसई का 30 शेयरों वाला प्रमुख इंडेक्स सेंसेक्स 46.70 अंक यानि 0.13 फीसदी की बढ़त के साथ 36241 के स्तर पर बंद हुआ है। वहीं एनएसई का 50 शेयरों वाला प्रमुख इंडेक्स निफ्टी 7 अंक यानि 0.06 फीसदी की बढ़त के साथ 10883.75 के स्तर पर बंद हुआ है।

## कम्पनी अपडेट

## वन पॉईन्ट वन सॉल्यूशन लिमिटेड

वन पॉईन्ट वन सॉल्यूशन लिमिटेड अपने विशेष प्रौद्योगिकी उत्पाद और इनोवेटिव सॉल्यूशन के माध्यम से रिटेल, डी-टू-एच और ई-कॉमर्स बिजनेस में सेवा मुहैया करवा रही है। कंपनी ने फाईनेंस सेक्टर में लोन का मूल्यांकन, वितरण और प्राप्तियां प्राप्त करने के लिए विशेष उत्पाद विकसित किये हैं। गौरतलब है कि दिसम्बर 2017 में वन पॉईन्ट वन सॉल्यूशन लिमिटेड का आईपीओ आया था और तब से अब तक कंपनी प्रभावी रूप से अपने सेवाओं में विस्तार कर रही है और नये ग्राहकों को पोर्टफोलियो में शामिल कर रही है।

कंपनी की डायलर स्टेटर्जी और कलेक्शन मैनेजमेंट सिस्टम से कार्पोरेट कंपनियां ग्राहकों को अच्छा अनुभव प्रदान करने के साथ प्राप्तियों में भी सुधार दर्ज कर रही हैं। इस प्रकार का सिस्टम एसबीआई कार्ड्स में अपने कलेक्शन पोर्टफोलियो को प्रबंधित करने के लिए काम आ रहा है। ओला भी मनी वॉलेट के लिए कंपनी का वन पी वन सिस्टम काम में ले रहा है। ओला के वे ग्राहक जिन्हें राईड के लिए क्रेडिट मिला है और वे समय पर पेमेंट जमा नहीं करवा पाये हैं। कंपनी उन लोगों से संपर्क कर बकाया राशि को जमा करवाने की याद दिलवाती है और ग्राहकों के साथ संबंध भी बनाये रखने में मदद करती है।

वर्ष 2017 के सितम्बर माह में स्माल बिजनेस फिन क्रेडिट इंडिया ने रिटेल पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए कार्वी फाईनेंशियल सर्विसेज के रिटेल बिजनेस को अधिग्रहित किया था। इसके बाद अपने विशेष ऋण मूल्यांकन सेवाओं से वनपीवन ने कंपनियों को कम लागत में अपना लोन पोर्टफोलियो बढ़ाने में मदद की।

वनपीवन सिस्टम प्रभावी लागत पर बिजनेस को बढ़ाने के लिए डाटा एनालिसिस सर्विस मुहैया करवाता है। फूड सेवा प्रदाता कंपनी स्वीगी के लिए डिलेवरी बॉय को नौकरी पर रखना और किफायती रूप से काम निकलवाना मुश्किल काम था। कंपनी की डाटा एनालिसिस सर्विस से कम लागत में स्वीगी डिलिवरी बॉय को नौकरी पर रखने और किफायती रूप से काम निकलवाने में सफल हुई। इसके अलावा वनपीवन ने देश के पहले ऑटोमेटेड स्कूटर रेंटल स्टार्टअप 'वोगो' को अपनी सक्षम सर्विस टीम और एनालिटिकल डाटा से पूर्ण ऑनसाईट सर्विस मुहैया करवाई।

कंपनी की कारोबारी सफलता कंपनी के अच्छे वित्तीय परिणामों से भी दिख रही है। वर्तमान वित्त वर्ष की पहली छमाही में कंपनी की कुल आय गत वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 46 प्रतिशत बढ़कर 73 करोड़ रुपये रही है जबकि का ब्याज व कर पूर्व मुनाफा 55 प्रतिशत बढ़कर 14 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी का आईपीओ 66 रुपये प्रति शेयर पर आया था, तब कंपनी में प्रमुख निवेशकों जैसे यस बैंक और एचएसबीसी म्यूचल फंड ने निवेश किया था। कंपनी ने तब करीब 44 करोड़ रुपये की पूंजी आईपीओ में जुटाई थी जिसमें से करीब 60 प्रतिशत राशि का इस्तेमाल कर्ज चुकाने के लिए किया गया था जिससे कंपनी कर्ज मुक्त हो गई। मजबूत बैलेस शीट से कंपनी प्रभावी तरीके से अपने उत्पाद लांच करने की स्थिति में है और आने वाले समय में वृहद स्तर पर कारोबारी विस्तार करने के लिए तैयार है।

## बीएसई के शेयरों में दर्ज तेजी व गिरावट

### Gainers- Group Wise

| Security Name | LTP | % Chg |
|---|---|---|
| Group -A | | |
| RCOM | 16.62 | 16.47 |
| PFC | 96.85 | 12.16 |
| IBULHSGFIN | 781.2 | 9.24 |
| TATAPOWER | 82.2 | 7.8 |
| SUZLON | 5.55 | 7.77 |
| INFIBEAM | 47.85 | 7.41 |
| LALPATHLAB | 899.1 | 6.25 |
| CGPOWER | 41.15 | 6.19 |
| MOTHERSUMI | 164.95 | 5.97 |
| RNAVAL | 13.71 | 5.95 |
| Group -B | | |
| GOKUL | 12.24 | 20 |
| UJAAS | 8.77 | 19.97 |
| BRNL | 130.35 | 19.97 |
| DBREALTY | 25.2 | 19.71 |
| MAN50ETF | 125 | 17.3 |
| MAHASTEEL | 79.5 | 17.08 |
| CEBBCO | 21.15 | 14.76 |
| GOKULAGRO | 13.3 | 14.46 |
| IDFSENSEXE | 389 | 11.14 |
| NUTEK | 0.45 | 9.76 |

### Losers- Group Wise

| | | |
|---|---|---|
| Group -A | | |
| SHANKARA | 626.15 | -10 |
| SUNPHARMA | 455.3 | -7.52 |
| INDIGO | 981.35 | -5.44 |
| KWALITY | 10.59 | -4.94 |
| IL&FSTRANS | 14.9 | -4.79 |
| GLENMARK | 622.4 | -4.74 |
| ASHOKLEY | 107.15 | -4.54 |
| LICHSGFIN | 446.15 | -4.31 |
| SPARC | 248.95 | -4.23 |
| Group -B | | |
| ASTRON | 112.75 | -10.23 |
| HOTELEELA | 14.65 | -9.96 |
| PVP | 4.83 | -9.89 |
| IDFCEOS6RG | 8.35 | -6.29 |
| DQE | 6.87 | -6.15 |
| HHOF1140RG | 8.05 | -6.07 |
| KREBSBIO | 110.2 | -5.89 |
| THEMISMED | 357.6 | -5.75 |
| BEARDSELL | 25.9 | -5.65 |
| SHALPAINTS | 72.1 | -5.63 |

## टीवीएस मोटर्स की बिक्री 27 प्रतिशत बढ़ी




**नई दिल्ली।** नवंबर 2018 में टीवीएस मोटर्स की कुल बिक्री 27 फीसदी बढ़कर 3.2 लाख यूनिट रही है। नवंबर 2017 में टीवीएस मोटर्स की कुल बिक्री 2.5 लाख यूनिट रही थी।

नवंबर 2018 में टीवीएस मोटर्स का एक्सपोर्ट 24 फीसदी बढ़कर 58476 यूनिट रहा है। नवंबर 2017 में टीवीएस मोटर्स का एक्सपोर्ट 47207 यूनिट रहा था।

नवंबर 2018 में टीवीएस मोटर्स की दुपहिया वाहन बिक्री 26 फीसदी बढ़कर 3.1 लाख यूनिट रही है। नवंबर 2017 में टीवीएस मोटर्स की दुपहिया बिक्री 2.4 लाख यूनिट रही थी। नवंबर 2018 में टीवीएस मोटर्स की तिपहिया वाहन बिक्री 48 फीसदी बढ़कर 12823 यूनिट रही है। नवंबर 2017 में टीवीएस मोटर्स की तिपहिया बिक्री 8642 यूनिट रही थी। नवंबर 2018 में टीवीएस मोटर्स की स्कूटर बिक्री 43 फीसदी बढ़कर 1.1 लाख यूनिट रही है। नवंबर 2017 में टीवीएस मोटर्स की स्कूटर बिक्री 78397 यूनिट रही थी। नवंबर 2018 में टीवीएस मोटर्स की मोटरसाइकिल बिक्री 29 फीसदी बढ़कर 1.2 लाख यूनिट रही है। नवंबर 2017 में टीवीएस मोटर्स की मोटरसाइकिल बिक्री 93202 यूनिट रही थी।

## एयर इंडिया की संपत्ति बेचकर 9,000 करोड़ रुपये जुटाने पर सरकार की नजर

**नई दिल्ली।** सरकार को कर्ज के बोझ तले दबी सार्वजनिक क्षेत्र की विमानन कंपनी एयर इंडिया की भूमि और रीयल एस्टेट संपत्तियों की बिक्री से 9,000 करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद है। एयर इंडिया की जमीन, इमारत और अन्य रीयल्टी संपत्तियों की बिक्री एयरलाइन के 55,000 करोड़ रुपये के कर्ज के बोझ को कम करने की सरकार की योजना का हिस्सा है। इससे एयर इंडिया प्रतिस्पर्धी हो सकेगी और विनिवेश की स्थिति में बेहतर दाम भी मिल पाएंगे।

वित्त मंत्री अरुण जेटली की अगुवाई वाली मंत्रिमंडलीय समिति ने पिछले सप्ताह एयर इंडिया के 29,000 करोड़ रुपये के कर्ज को विशेष उद्देशीय इकाई (एसपीवी) एयर इंडिया एसेट होल्डिंग कंपनी में स्थानांतरित करने की अनुमति दी थी। इन संपत्तियों की बिक्री से हासिल धनराशि का इस्तेमाल एसपीवी में स्थानांतरित किए गए




29,000 करोड़ रुपये के कर्ज को कम करने के लिए किया जाएगा। मंत्रालय के अधिकारी ने बताया, की'हम एयर इंडिया की जमीन और अन्य संपत्तियों की बिक्री से 9,000 करोड़ रुपये जुटाने की उम्मीद कर रहे हैं। इसमें मुंबई में एयरलाइंस हाउस, दिल्ली के वसंत विहार में रीयल्टी संपत्ति और बाबा खड़ग सिंह मार्ग स्थित जमीन शामिल है।' पिछले सप्ताह एयर इंडिया के विनिवेश पर मंत्री स्तरीय समिति ने एयर इंडिया की ग्राउंड हैंडलिंग सहयोगी कंपनी एयर ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लि. (एआईएटीएसएल) की रणनीतिक बिक्री को मंजूरी दी थी।

## NSE DERIVATIVE TRADE STATS

| Product | No. of contracts | Turnover( cr.) * | Put Call Ratio | Premium Turnover ( cr.) |
|---|---|---|---|---|
| Index Futures | 2,08,457 | 14,257.58 | - | - |
| Volume Futures | 0 | 0.00 | - | - |
| Stock Futures | 9,17,326 | 51,369.45 | - | - |
| Index Options | 55,14,695 | 3,24,477.03 | 1.04 | 1806.69 |
| Stock Options | 6,16,728 | 35,894.93 | 0.51 | 911.64 |
| F&O Total | 72,57,206 | 4,25,998.99 | 0.97 | 2718.33 |

## BULK DEALS IN BSE

| Security Name | Client Name | Deal Type * | Quantity | Price ** |
|---|---|---|---|---|
| BCPL | NNM SECURITIES PVT LTD | S | 88,000 | 34.83 |
| BCPL | NNM SECURITIES PVT LTD | B | 20,000 | 36 |
| EXCEL | SARVOTTAM SECURITIES PRIVATE LIMITED | B | 540,000 | 3.6 |
| GARVIND | SURENDER KUMAR | B | 100,000 | 7.8 |
| GBLIL | BUDDHADEB LAHA | B | 39,000 | 63.12 |
| GBLIL | HATHILA VANESHBHAI RASUBHAI | S | 32,500 | 63.14 |
| GBLIL | ARUN LAHA | B | 36,000 | 63.21 |
| ICICIGI | RED BLOOM INVESTMENT LTD | S | 14,278,821 | 800 |
| INDRENEW | JITENDRA KANTILAL VAKHARIA | S | 25,000 | 18 |
| INDRENEW | SABOO RAJ KUMAR | B | 27,159 | 18 |
| KFL | LAKHOTIA POLYSTERS (INDIA) LIMITED | S | 102,500 | 6.32 |
| KMSL | NEWEDGE VINIMAY PRIVATE LIMITED | S | 72,000 | 12 |
| KMSL | COMPETENT TEXTILES PVT LTD | B | 100,000 | 12 |
| KWALITYCL | FASTNER MACHINERY DEALERS PVT LIMITED | S | 40,067 | 10.1 |
| REPCOHOME | THE PABRAI INVESTMENT FUND IV LP | S | 684,000 | 338.17 |
| RKFORGE | VANTAGE EQUITY FUND | B | 280,000 | 516.67 |
| RKFORGE | AMANSA HOLDINGS PRIVATE LIMITED | S | 296,600 | 515.11 |
| SAIBABA | GYAN CHAND AGGARWAL | B | 600,000 | 1.83 |
| SAIBABA | HAIDERALI KUTUBALI NOORANI | S | 600,000 | 1.83 |
| SUMEDHA | LUKMAN MUNAVAR PATEL | S | 104,805 | 17.3 |
| SUPRBPA | JAY BHAVSAR | B | 30,005 | 22.41 |
| UMIYA | SAVJIBHAI MANJIBHAI MENPARA . | B | 51,000 | 28.14 |
| UMIYA | ARUN DASHRATHBHAI PRAJAPATI | S | 73,039 | 28.02 |
| UMIYA | RATNA SANJEEV PATEL | B | 133,025 | 27.78 |
| UMIYA | RATNA SANJEEV PATEL | S | 19,745 | 27.98 |
| WESTLIFE | SBI MUTUAL FUND | S | 3,395,710 | 345.07 |
| WESTLIFE | SBI MUTUAL FUND | B | 3,306,962 | 345 |
| YUKEN | CHANDRAKANT SUNDER SHETTY | B | 245,000 | 529.5 |
| YUKEN | FAZAL NABI SHAIK | S | 245,000 | 529.5 |

## 52 Week High

| Security | New 52W/H |
|---|---|
| Adani Power Limited | 58.35 |
| Apollo Hospitals Enterprise Limited | 1,329.85 |
| Colgate Palmolive (India) Limited | 1,283.00 |
| Dr. Reddy's Laboratories Limited | 2,742.60 |
| ELECTROSTEEL STEELS LIMITED | 44.25 |
| GSS Infotech Limited | 132.7 |
| Hindustan Unilever Limited | 1,838.30 |
| DSP LIQUID ETF | 1,000.01 |
| Sakuma Exports Limited | 31.15 |

## 52 Week Low

| | |
|---|---|
| ABG Shipyard Limited | 2.3 |
| ABM International Limited | 15.7 |
| Adlabs Entertainment Limited | 9.75 |
| Ashapura Intimates Fashion Limited | 28.8 |
| Alchemist Limited | 2 |
| Amtek Auto Limited | 3.65 |
| Antarctica Limited | 0.45 |
| Asahi Songwon Colors Limited | 213 |
| Autoline Industries Limited | 55.8 |
| Bkm Industries Limited | 6.75 |
| Bliss GVS Pharma Limited | 144.85 |
| B. L. Kashyap and Sons Limited | 21.4 |
| BLS International Services Limited | 108.4 |
| Bombay Rayon Fashions Limited | 9.55 |
| Control Print Limited | 321.2 |
| Damodar Industries Limited | 42 |
| Deepak Fertilizers and Petrochemicals Corporation Limited | 158 |
| Diligent Media Corporation Limited | 3.65 |
| Ducon Infratechnologies Limited | 12.5 |
| Euro Ceramics Limited | 1.7 |
| Euro Multivision Limited | 1.65 |
| Excel Realty N Infra Limited | 3.3 |
| General Insurance Corporation of India | 275.3 |
| Gitanjali Gems Limited | 1.25 |
| Orient Green Power Company Limited | 5.75 |
| HB Stockholdings Limited | 8.65 |
| Hindustan Composites Limited | 318 |
| HSIL Limited | 201.9 |
| ICICI Prudential Mutual Fund | 999.99 |
| Igarashi Motors India Limited | 569.75 |
| IL&FS Transportation Networks Limited | 14.9 |
| India Glycols Limited | 282.25 |
| Indosolar Limited | 1.65 |
| Integra Garments and Textiles Limited | 1.8 |
| The Jammu & Kashmir Bank Limited | 36.15 |
| Jaihind Projects Limited | 3.45 |
| JIK Industries Limited | 0.3 |
| Jindal Stainless Limited | 36.5 |
| Kirloskar Brothers Limited | 168.4 |
| DSP LIQUID ETF | 999.99 |
| Lypsa Gems & Jewellery Limited | 9.6 |
| Mcnally Bharat Engineering Company Limited | 11.75 |
| Metkore Alloys & Industries Limited | 1.1 |
| MVL Limited | 0.2 |
| Nagreeka Capital & Infrastructure Limited | 12.3 |
| Neuland Laboratories Limited | 468.5 |
| The New India Assurance Company Limited | 196.15 |
| Noesis Industries Limited | 0.05 |
| Ortel Communications Limited | 4.7 |
| Panoramic Universal Limited | 1.95 |
| Poddar Housing and Development Limited | 535 |
| Punj Lloyd Limited | 6.45 |
| Rain Industries Limited | 128.05 |
| Raj Rayon Industries Limited | 0.1 |
| Rane Holdings Limited | 1,211.75 |
| Sanwaria Consumer Limited | 9.95 |
| Sezal Glass Limited | 1.7 |
| Shankara Building Products Limited | 624.45 |
| Shiva Texyarn Limited | 190 |
| Shyam Century Ferrous Limited | 6.2 |
| Sun Pharma Advanced Research Company Limited | 245 |
| SRS Limited | 0.3 |
| Sumeet Industries Limited | 4.25 |
| Take Solutions Limited | 127.25 |
| Tara Jewels Limited | 2.3 |
| Tejas Networks Limited | 218.25 |
| TIL Limited | 260.8 |
| Time Technoplast Limited | 104.4 |
| Ujaas Energy Limited | 7.1 |
| Vikas EcoTech Limited | 10.4 |
| VIP Clothing Limited | 29.45 |
| Visesh Infotecnics Limited | 0.05 |
| Visagar Polytex Limited | 0.65 |
| Websol Energy System Limited | 23.8 |
| Winsome Yarns Limited | 0.95 |

## महाराष्ट्र सीमलेस लिमिटेड को मिला 920 करोड़ रू. का ऑर्डर

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र सीमलेस लि. ने सूचित किया है कि कंपनी को सीमलेस कास्टिंग्स, ट्युबिंग्स, लाइन पाइप्स तथा ईआरडब्ल्यु पाईप्स की आपूर्ति हेतु ओएनजीसी लि. (भारत की अग्रणी नेशनल ऑईल कंपनी) से 920 करोड़ रू. का ऑर्डर प्राप्त हुआ है।